मध्यम पुरुष	चलिष्यसि	चलिष्यथः	चलिष्यथ
उत्तम पुरुष	चलिष्यामि	चलिष्यावः	चलिष्यामः

3. लङ् लकार (अनद्यतन भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	अचलत्	अचलताम्	अचलन्

मध्यम पुरुष अचलः अचलतम् अचलत

उत्तम पुरुष अचलम् अचलाव अचलाम

4. लोट् लकार (आज्ञा/अनुज्ञा)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	चलतु	चलताम्	चलन्तु
मध्यम पुरुष	चल	चलतम्	चलत
उत्तम पुरुष	चलानि	चलाव	चलाम

5. विधिलिङ् लकार (चाहिए)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	चलेत्	चलेताम्	चलेयुः
मध्यम पुरुष	चलेः	चलेतम्	चलेत
उत्तम पुरुष	चलेयम्	चलेव	चलेम

<u>'**चर्**' धातु (अर्थः चलना या चरना) के पाँचों लकारों में रूप–</u>

1. लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	चरति	चरतः	चरन्ति
मध्यम पुरुष	चरसि	चरथः	चरथ
उत्तम पुरुष	चरामि	चरावः	चरामः

2. लृट् लकार (भविष्यत् काल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	चरिष्यति	चरिष्यतः	चरिष्यन्ति
मध्यम पुरुष	चरिष्यसि	चरिष्यथः	चरिष्यथ
उत्तम पुरुष	चरिष्यामि	चरिष्यावः	चरिष्यामः

3. लोट् लकार (आज्ञा/अनुज्ञा)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	चरतु	चरताम्	चरन्तु
मध्यम पुरुष	चर	चरतम्	चरत
उत्तम पुरुष	चराणि	चराव	चराम

4. लङ् लकार (भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	अचरत्	अचरताम्	अचरन्
मध्यम पुरुष	अचरः	अचरतम्	अचरत
उत्तम पुरुष	अचरम्	अचराव	अचराम

5. विधिलिङ् लकार (चाहिए/विधि)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	चरेत्	चरेताम्	चरेयुः
मध्यम पुरुष	चरेः	चरेतम्	चरेट
उत्तम पुरुष	चरेयम्	चरेव	चरेम

'**स्मृ**' (याद करना) धातु के पाँचों लकारों में रूप–

1. लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	स्मरति	स्मरतः	स्मरन्ति
मध्यम पुरुष	स्मरसि	स्मरथः	स्मरथ
उत्तम पुरुष	स्मरामि	स्मरावः	स्मरामः

2. लृट् लकार (भविष्यत्काल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	स्मरिष्यति	स्मरिष्यतः	स्मरिष्यन्ति
मध्यम पुरुष	स्मरिष्यसि	स्मरिष्यथः	स्मरिष्यथ
उत्तम पुरुष	स्मरिष्यामि	स्मरिष्यावः	स्मरिष्यामः

3. लोट् लकार (आज्ञावाचक)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	स्मरतु	स्मरताम्	स्मरन्तु
मध्यम पुरुष	स्मर	स्मरतम्	स्मरत
उत्तम पुरुष	स्मराणि	स्मराव	स्मराम

4. लङ् लकार (भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	अस्मरत्	अस्मरताम्	अस्मरन्

मध्यम पुरुष अस्मरः अस्मरतम् अस्मरत

उत्तम पुरुष अस्मरम् अस्मराव अस्मराम

5. विधिलिङ् लकार (चाहिए के अर्थ में)

पुरुष एकवचन द्विवचन बहुवचन

प्रथम पुरुष स्मरेत् स्मरेताम् स्मरेयुः

मध्यम पुरुष स्मरेः स्मरेतम् स्मरेत

उत्तम पुरुष स्मरेयम् स्मरेव स्मरेम

˙ <u>**'पत्'** (गिरना) धातु के पाँचों प्रमुख लकारों में रूप</u>

1. लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुष एकवचन द्विवचन बहुवचन

प्रथम पुरुष पतति पततः पतन्ति

मध्यम पुरुष पतसि पतथः पतथ

उत्तम पुरुष पतामि पतावः पतामः

2. लृट् लकार (भविष्यत् काल)

पुरुष एकवचन द्विवचन बहुवचन

'' प्रथम पुरुष''पतिष्यति पतिष्यतः पतिष्यन्ति

मध्यम पुरुष पतिष्यसि पतिष्यथः पतिष्यथ

उत्तम पुरुष पतिष्यामि पतिष्यावः पतिष्यामः

3. लङ् लकार (भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	अपतत्	अपतताम्	अपतन्
मध्यम पुरुष	अपतः	अपततम्	अपतत
उत्तम पुरुष	अपतम्	अपताव	अपताम

4. लोट् लकार (आज्ञा / अनुज्ञा)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	पततु	पतताम्	पतन्तु
मध्यम पुरुष	पत	पततम्	पतत
उत्तम पुरुष	पतानि	पताव	पताम

5. विधिलिङ् लकार (चाहिए के अर्थ में)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	पतेत्	पतेताम्	पतेयुः
मध्यम पुरुष	पतेः	पतेतम्	पतेत
उत्तम पुरुष	पतेयम्	पतेव	पतेम

(च) अव्ययपदानि

संस्कृत में अव्यय वे शब्द हैं जो व्याकरणिक रूप से कभी बदलते नहीं हैं, यानी 'जो व्यय न हो'. अर्थात् जो लिंग, वचन, पुरुष, कारक या काल के कारण बदलते नहीं हैं और हमेशा एक ही रूप में रहते हैं। जैसे कि नवमी कक्षा में हम पढ़ चुके हैं। अनुवाद और वाक्यप्रयोग के लिए इनकी आवश्यकता होती है। यहां हम कुछ नए अव्यय पढ़ते हैं। जैसे कि **अधुना** (अब), **सदा** (हमेशा),

यदा–तदा (जब–तब) **एकदा** (एक बार), **कदा** (कब), **इदानीम्** (इस समय), **एवम्** (इस प्रकार), **यथा–तथा** (जैसा–वैसा), **शीघ्रम्** (जल्दी), **मन्दम्** (धीरे), **मिथ्या** (झूठ), **वृथा** (व्यर्थ)।

उदाहरण–

अधुना= अब, इस समय

उदाहरणम्– अधुना अहं पठामि (अब मैं पढ़ता हूँ).

सदा= हमेशा, सदैव

उदाहरणम्– सदा सत्यं वद (हमेशा सच बोलो).

यदा–तदा= जब–तब,

उदाहरणम्– यदा वर्षा भवति, तदा मयूरा नृत्यन्ति (जब बारिश होती है, तब मोर नाचते हैं).

एकदा= एक बार, किसी एक समय में

उदाहरणम्– एकदा एकः व्याघ्रः आसीत् (एक बार एक बाघ था).

कदा= कब? (प्रश्नवाचक).

उदाहरणम्– त्वं कदा आगमिष्यसि? (तुम कब आओगे?).

इदानीम्= अब, अभी

उदाहरणम्– इदानीम् विद्यालयः गच्छ (अब विद्यालय जाओ).

एवम्= इस प्रकार, ऐसे ही .

उदाहरणम्– सः एवम् अवदत् (उसने इस प्रकार कहा).

यथा–तथा= जैसा–वैसा (तुलनात्मक).

उदाहरणम्– यथा राजा, तथा प्रजा (जैसा राजा, वैसी प्रजा).

शीघ्रम्= जल्दी, शीघ्रता से

उदाहरणम्– त्वं शीघ्रम् आगच्छ (तुम जल्दी आओ).

मन्दम्= धीरे–धीरे, मंद गति से

उदाहरणम्– सर्पः मन्दम् गच्छति (साँप धीरे–धीरे चलता है).

मिथ्या= झूठ, असत्य

उदाहरणम्– मिथ्या मा वद (झूठ मत बोलो)

अभ्यासः–

प्रश्नः1– उचितम् अव्ययपदं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत।

(क) सत्यं वद............ मा वद। (झूठ मत बोलो)

(ख) कच्छपः .... चलति। (कछुआ धीरे चलता है)

(ग) .... एकः राजा आसीत्। (एक बार एक राजा था)

(घ) .... राजा ....प्रजा। (जैसा राजा वैसी प्रजा)

मञ्जूषा

यथा तथा, एकदा, मन्दम्, मिथ्या

प्रश्नः 2– अधोलिखितानां अव्ययपदानां प्रयोगं कृत्वा वाक्यरचनां कुरुत।

(क) कदा 1.त्वं...............................

(ख) शीघ्रम् 2......................कुरु।

(ग) सदा 3. ....वद।

(घ) वृथा 4. समयं ....।

प्रश्नः 3– रेखाङ्कितपदं शुद्धं कुरुत।

(क) अहं पृच्छामि यद् भवान् यदा गमिष्यति?

(ख) सदा इदानीम् वद।

(ग) यथा राजा.............वृथा प्रजा।

(घ) ....सूर्यः उदेति तदा चटका कूजति।

प्रश्नः 4– 'क' स्तम्भस्य 'ख' स्तम्भेन सह मेलनं कुरुत।

(क)	(ख)
वृथा	असत्यम्/झूट
इदानीम्	व्यर्थम्/बेकार
मिथ्या	अधुना/इस समय
मन्दम्	सर्वदा/हमेशा
सदा	शनैः/धीरे

(च) संख्याज्ञानम्

संस्कृत भाषा में 1 से 100 तक की गिनती में 1 से 4 तक लिंग (पुंल्लिग, स्त्रीलिंग, नपुंसकलिंग) के अनुसार शब्द बदलते हैं, लेकिन 5 से आगे सभी लिंगों के लिए एक ही रूप रहता है, जैसेः एकः (पुंल्लिंग), एका (स्त्रीलिंग), एकम् (नपुंसकलिंग), द्वौ (पुंल्लिंग), द्वे (स्त्रीलिंग/नपुंसकलिंग), त्रयः (पुंल्लिंग), तिस्रः (स्त्रीलिंग), त्रीणि (नपुंसकलिंग), चत्वारः (पुंल्लिंग), चतस्रः (स्त्रीलिंग), चत्वारि (नपुंसकलिंग), और फिर पञ्च (5), षट् (6), सप्त (7), अष्ट (8), नव (9), दश (10), आदि, जो आगे

चलकर विंशतिः (20), त्रिंशत् (30), चत्वारिंशत् (40), और अंत में शतम् (100) बनते हैं। जिनमें एकविंशतिः (21) (एक + विंशतिः) जैसी संधि होती है। संस्कृत में 1 से 100 तक पूरी संख्याएं इस प्रकार हैं–

	पुँल्लिग,	स्त्रीलिंग,	नपुंसकलिंग)	हिंदी
1	एकः,	एका,	एकम्	एक
2	द्वौ,	द्वे,	द्वे	दो
3	त्रयः,	तिस्रः,	त्रीणि	तीन
4	चत्वारः,	चतस्रः,	चत्वारि	चार
5	पञ्च			पाँच
6	षट्			छः
7	सप्त			सात
8	अष्टौ, अष्ट			आठ
9	नव			नौ
10	दश			दस
11	एकादश			ग्यारह
12	द्वादश			बारह
13	त्रयोदश			तेरह
14	चतुर्दश		चौदह	
15	पञ्चदश		पन्द्रह	
16	षोडश		सोलह	

17	सप्तदश	सत्रह
18	अष्टादश	अठारह
19	ऊनविंशतिः, एकोनविंशतिः, नवदश	उन्नीस
20	विंशतिः	बीस
21	एकविंशतिः	इक्कीस
22	द्वाविंशतिः	बाईस
23	त्रयोविंशतिः	तेईस
24	चतुर्विंशतिः	चौबीस
25	पञ्चविंशतिः	पच्चीस
26	षड्विंशतिः	छब्बीस
27	सप्तविंशतिः	सत्ताईस
28	अष्टविंशतिः	अट्ठाईस
29	ऊनत्रिंशत्, एकोनत्रिंशत्, नवविंशः, नवविंशतिः	उनतीस
30	त्रिंशत्	तीस
31	एकत्रिंशत्	इकत्तीस
32	द्वात्रिंशत्	बत्तीस
33	त्रयस्त्रिंशत्	तेतीस
34	चतुर्त्रिंशत्	चौतीस
35	पञ्चत्रिंशत्	पैंतीस

36	षट्त्रिंशत्	छत्तीस
37	सप्तत्रिंशत्	सैंतीस
38	अष्टात्रिंशत्	अड़तीस
39	ऊनचत्वारिंशत्, एकोनचत्वारिंशत्, नवत्रिंशत्	उनतालीस
40	चत्वारिंशत्	चालीस
41	एकचत्वारिंशत्	इकतालीस
42	द्वाचत्वारिंशत्, द्वाचत्वारिंशत्	बयालीस
43	त्रिचत्वारिंशत्, त्रयश्चत्वारिंशत्	तेतालीस
44	चतुश्चत्वारिंशत्	चवालीस
45	पंचचत्वारिंशत्	पैंतालीस
46	षट्चत्वारिंशत्	छियालीस
47	सप्तचत्वारिंशत्	सैंतालीस
48	अष्टचत्वारिंशत्, अष्टाचत्वारिंशत्	अड़तालीस
49	ऊनपञ्चाशत्, एकोनपञ्चाशत्, नवचत्वारिंशत्	ऊनचास, ऊनपचास
50	पञ्चाशत्	पचास
51	एकपञ्चाशत्	इक्यावन
52	द्वापञ्चाशत्, द्वापञ्चाशत्	बावन
53	त्रिपञ्चाशत्, त्रयःपञ्चाशत्	तिरेपन
54	चतुःपञ्चाशत्	चौवन

55	पञ्चपञ्चाशत्	पचपन
56	षट्पञ्चाशत्	छप्पन
57	सप्तपञ्चाशत्	सत्तावन
58	अष्टपञ्चाशत्, अष्टापञ्चाशत्	अट्ठावन
59	ऊनषष्ठिः, एकोनषष्टिः, नवपञ्चाशत्	ऊनसठ
60	षष्टिः	साठ
61	एकषष्टिः	इकसठ
62	द्विषष्टिः, द्वाषष्ठिः	बासठ
63	त्रिषष्टिः, त्रयःषष्ठिः	तिरेसठ
64	चतुःषष्टिः	चौसठ
65	पंचषष्टिः	पैसठ
66	षट्षष्टिः	छियासठ
67	सप्तषष्टिः	सड़सठ
68	अष्टषष्टिः, अष्टाषष्टिः	अड़सठ
69	ऊनसप्ततिः, एकोनसप्ततिः, नवषष्टिः	उनहत्तर
70	सप्ततिः	सत्तर
71	एकसप्ततिः	इकहत्तर
72	द्विसप्ततिः, द्विसंप्ततिः	बहत्तर
73	त्रिसप्ततिः, त्रयःसप्ततिः	तिहत्तर

74	चतुःसप्ततिः	चौहत्तर
75	पंचसप्ततिः	पिचत्तर
76	षट्सप्ततिः	छियत्तर
77	सप्तसप्ततिः	सतत्तर
78	अष्टसप्ततिः, अष्टासप्ततिः	अठत्तर
79	नवसप्ततिः, एकोनाशीतिः, ऊनाशीतिः	उन्यासी
80	अशीतिः	अस्सी
81	एकाशीतिः	इक्यासी
82	द्वाशीतिः,	बियासी
83	त्र्यशीतिः	तिरासी
84	चतुरशीतिः	चौरासी
85	पंचाशीतिः	पिच्चासी
86	षडशीतिः	छियासी
87	सप्ताशीतिः	सत्तासी
88	अष्टाशीतिः	अट्ठासी
89	नवाशीतिः, एकोननवतिः, ऊननवतिः	नवासी
90	नवतिः	नब्बे
91	एकनवतिः	इक्यानबे
92	द्वानवतिः, द्वानवतिः	बानबे

93	त्रिणवतिः	तिरानबे
94	चतुर्णवतिः	चौराणबे
95	पंचनवतिः	पिचानबे
96	षण्णवतिः	छियानबे
97	सप्तनवतिः	सतानबे
98	अष्टनवतिः, अष्टानवतिः	अठानबे
99	नवनवतिः, एकोनशतम्, ऊनशतम्	निन्यानबे
100	शतम्, एकशतम्	सौ, एक सौ

अभ्यासः

1. दिये गये चित्र को देख कर प्रश्नों को उत्तर दें।

(क) चित्रे कति छात्राः सन्ति?' ....

(ख) चित्रे कति बालकाः खेलन्ति?.................................

(ग) चित्रे कति बालिकाः खेलन्ति?.................................

(घ) चित्रे कति वृक्षाः सन्ति?.......................................

(ङ) चित्रे कति पुष्पाणि सन्ति?.................................

(च) चित्रे कति शिक्षिकाः पाठयन्ति?.................................

2. दिये गये चित्र को देख कर प्रश्नों को उत्तर दें।

(क) युवकस्य समीपे कति फलानि सन्ति?"

(ख) तस्य समीपे कति पुस्तकानि सन्ति?"

(ग) तस्य समीपे कति कन्दुकानि सन्ति?

(घ) तस्य समीपे कति पुष्पधान्यः सन्ति?

1. निम्नलिखित में से अशुद्ध क्रम को पहचानिए

(क) चतुर्विंशतिः पञ्चविंशतिः सप्तविंशतिः षड्विंशतिः

(ख) द्वादश षोडश चतुर्दश पञ्चदश

(ग) द्वानवतिः त्रिणवतिः पञ्चनवतिः चतुर्णवतिः

(घ) एकत्रिंशत् द्वात्रिंशत् चतुस्त्रिंशत्, त्रयस्त्रिंशत्

(ङ) एकाशीतिः द्व्यशीतिः चतुरशीतिः त्र्यशीतिः

3.नैतिक शिक्षा

श्लोकाः –

1. विद्या ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वाद् धनमाप्नोति धनाद्धर्मं ततः सुखम्।।

अन्वयः – विद्या विनयं ददाति, विनयात् पात्रतां याति, पात्रत्वात् धनम् धनात् धर्मं ततः सुखम् आप्नोति।

अर्थः – विद्या विनम्रता देती है, विनम्रता से योग्यता आती है, योग्यता से धन, धन से धर्म तथा उस धर्म से सुख की प्राप्ति होती है।

भावार्थः – विद्यया सर्वं प्राप्यते यथा विद्यायाः विनयं विनयात् योग्यतां, योग्यतायाः धनं, धनात् धर्मं ततश्च सुखम् आप्नोति।

2. पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाम्भः,
स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः।
नादन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः,
परोपकाराय सतां विभूतयः।।

अन्वयः – नद्यः स्वयम् एव अम्भः न पिबन्ति, वृक्षाः स्वयं फलानि न खादन्ति, वारिवाहाः खलु सस्यं न अदन्ति, (यतो हि) सतां विभूतयः परोपकाराय (भवन्ति)।

अर्थः – नदियाँ अपना पानी स्वयं नहीं पीतीं है। वृक्ष स्वयं के फलों को स्वयं नहीं खाते हैं। बादल (अपने पानी द्वारा उगाया हुआ) अनाज खुद नहीं खाते है, क्योंकि सज्जन पुरुषों की समृद्धियाँ (धनादि) परोपकार के लिए ही होती हैं।

भावार्थः– यथा नद्यः स्वजलं स्वयं न पिबन्ति, वृक्षाः स्वयं फलानि न खादन्ति, मेघाः स्वजलसंचितं सस्यं स्वयं न खादन्ति तथैव सज्जनानां धनादिवस्तूनि परोपकाराय एव भवन्ति।

3. **अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।**

उदारचरिताना तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।

अन्वयः – अयं निजः परः वा इति लघुचेतसाम् (भवति) उदारचरितानां तु वसुधा एव कुटुम्बकम् (भवति)।

अर्थः – यह अपना है अथवा पराया है यह गिनती (सोच) छोटे ह्रदय (संकुचित ह्रदय) वाले व्यक्तियों की होती है, उदार ह्रदय वाले लोगो के लिए तो पूरी पृथ्वी, ही एक परिवार के समान होती है।

भावार्थः – ये जनाः अयं निजः परः वा इति कुर्वन्ति तेषां गणना लघुह्रदयेषु भवति, परं ये उदारचरिताः भवन्ति तेषां कृते तु सम्पूर्णा पृथ्वी कुटुम्बकं भवति।

4. **साहित्यसंगीत–कलाविहीनः,**

साक्षात् पशुः पुच्छविषाणहीनः।

तृणं न खादन्नपि जीवमानः,

तद्भागधेयं परमं पशूनाम्।।

अन्वयः– साहित्य–संगीत–कलाविहीनः पुच्छविषाणहीनः साक्षात् पशुः, तृणम् न खादन् अपि जीवमानः तद् पशूनाम् परमं भागधेयम्।

अर्थः— जो मनुष्य साहित्य संगीत व कला से वंचित होता है वह बिना पूंछ तथा बिना सींगों वाले साक्षात् पशु के समान होता है। वह बिना घास खाए जीवित रहता है यह पशुओं के लिए निसन्देह सौभाग्य की बात है।

भावार्थः— यस्य मनुष्यस्य साहित्य—संगीत—कलासु रुचिः न भवति सः पुच्छविषाणहिनः पशुः भवति। सः तृणम् अखादन् अपि जीवति एतद् पशूनां परमं सौभाग्यम् अस्ति।

5. **निदन्तु नीतिनिपुणाः यदि वा स्तुवन्तु,**
लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा,
न्यायात् पथः प्रविचलन्ति पद ने धीराः।।

अन्वयः— यदि नीतिनिपुणाः निन्दन्तु वा स्तुवन्तु लक्ष्मीः यथेष्टं समाविशतु वा गच्छतु अद्य एव मरणम् अस्तु वा युगान्तरे (परं) धीराः (मानवाः) न्यायात् पथः पदं न प्रविचलन्ति।

अर्थः— नीति में निपुण लोग चाहे निन्दा करें अथवा प्रशंसा करें। लक्ष्मी आए अथवा इच्छानुसार चली जाए, आज ही मृत्यु हो जाए अथवा युगों के बाद हो, परन्तु धैर्यशाली मनुष्य न्याय के रास्ते से एक पग भी विचलित नहीं होते।

भावार्थः— नीतिज्ञाः जनाः निन्दन्तु प्रशंसन्तु वा, लक्ष्मीः यथेच्छम् आगच्छतु गच्छतु वा, अद्यैव मृत्युः भवेत् युगान्तरे वा परं धीराः न्याय्यात् पथः पदमेकं न विचलन्ति।

शब्दविस्तारः—

पात्रताम्	योग्यताम्	योग्यता को	Ability
आप्नोति	लभते	प्राप्त करता है	Receives
अम्भः	जलम्	पानी को	To water
अदन्ति	खादन्ति	खाते हैं	Eat
सस्यं	धान्यादिकम्	अन्न (फसल) को	Crop
वरिवाहाः	मेघाः	बदल	Clouds

विभूतयः	सम्पत्तयः	सम्पत्तियाँ	Properties
लघुचेतसाम्	क्षुद्रहृदयानाम्	छोटे दिल वालों की	Of small hearts
उदारचरितानाम्	विशालहृदयानाम्	विशाल दिल वालों की	Of generous hearts
वसुधा	पृथ्वी	पृथ्वी	Earth
पुच्छविषाणहीनः	लाङ्गूलश्रृंगरहितः	पूँछ और सींगों से रहित	Without Tail and Horns
तृणं	घासं	घास को	To grass
भागधेयम्	सौभाग्यम्	सौभाग्य	Good Luck
स्तुवन्तु	प्रशंसन्तु	प्रशंसा करें	To praise
समाविशतु	आगच्छतु	आए	Come
यथेष्टम्	यथेच्छम्	इच्छानुसार	As desired
पथः	मार्गात्	मार्ग से	By way
धीराः	धैर्यवन्तः	धैर्यशाली	Patient people
पदं	चरणं	पैर	Stem
युगान्तरे	युगानां पश्चात्	अनेक वर्षों के बाद	After many years

अभ्यासः –

1. एकपदेन उत्तरत–

(क) विद्या किं ददाति ?

(ख) पात्रताम् कस्मात् याति ?

(ग) नद्यः स्वयमेव किं पिबन्ति ?

(घ) के सस्यं न अदन्ति ?

(ङ) सतां विभूतयः कस्मै भवन्ति ?

(च) विनयं का ददाति ?

(छ) वारिवाहाः किं न अदन्ति ?

2. **पूर्णवाक्येन उत्तरत –**

(क) वसुधैव कुटुम्बकं केषां भवति ?

(ख) पुच्छविषाणहीनः पशुः साक्षात् कः भवति ?

(ग) किं न खादन्नपि जीवमानः अस्ति ?

(घ) धीराः कस्मात् पथः न प्रविचलन्ति ?

(ङ) नीतिनिपुणाः किं कुर्वन्तु ?

(ङ) लक्ष्मीः यथेच्छं किं करोतु ?

3. **अन्वयपूर्तिं कुरुत –**

(क) श्लोकः– विद्या ददाति .... ततः सुखम्।

अन्वयः– विद्या .... ददाति, विनयात् .... याति।

पात्रत्वात् धनात् .... ततः .... आप्नोति।

(ख) पिबन्ति नद्यः ....सतां विभूतयः।

अन्वयः– नद्यः .... अम्भः न ...., वृक्षाः .... स्वयं न ....। .... खलु सस्यं न .... , सतां ....परोपकाराय (भवन्ति) ।

(ग) अयं निजः ....कुटुम्बकम्।

अन्वयः– अयं निजः .... वा इति .... गणना। उदारचरितानां

तु .... एव ....।

(घ) साहित्य–संगीत .... परमं पशूनाम्।

अन्वयः– साहित्यसंगीत.कलाविहीनः साक्षात् .... पशुः (भवति)। तृणं न .... अपि ...., तत् .... परमं ....।

(ङ) निन्दन्तु नीति .... पदं न धीराः।।

अन्वयः– नीतिनिपुणाः यदि .... वा ...., लक्ष्मीः यथेष्टम् ....वा .... वा, (परं) धीराः .... पथः पदं न ....।

4. भावार्थपूर्तिं कुरुत –

(क) विद्या ददाति .... ततः सुखम्।

भावार्थः– विद्यया सर्वं .... यथा .... विनयं विनयात् .... योग्यतायाः धनं, ... धर्मं ततः च .... आप्नोति।

(ख) पिबन्ति नद्यः .... सतां विभूतयः।।

भावार्थः– यथा .... स्वजलं .... न पिबन्ति, वृक्षा .... स्वयं न ...., मेघाः .... सस्यं स्वयं न ...., तथैव .... धनादिवस्तूनि .... एव भवन्ति।

(ग) अयं निजः .... कुटुम्बकम्।।

भावार्थः– ये जनाः अयं .... परः वा इति .... तेषां गणना .... भवति, परं ये .... भवन्ति तेषां कृते तु .... पृथ्वी .... भवति।

भावार्थपूर्तिं कुरुत–

ये जनाः ––––––––सङ्गीते कलायां च –––––– न लभन्ते ते –––––हीनाः साक्षात् ––––––

भवन्ति, ————————— विना अपि जीवन्ति, एतत्——————— कृते —————————अस्ति।

(ग) – निन्दन्तु नीतिनिपुणाः ————————— पदं न धीराः ।।

भावार्थः—— एतत्—————————नास्ति यत् नीतिज्ञाः ————————— अथवा —————————

लक्ष्मीः इच्छानुसारं ——————————अथवा गच्छतु, मृत्युः अद्य एव ——————— अथवा ———————————————पश्चात् भवतु, परं —————————— पुरुषाः————————— पथः पदं न —————————।

4. भारतीय ज्ञान–परम्परा

(क) वैदिकसाहित्यस्य परिचयात्मकं ज्ञानम्–

1)वेद–वेदांगानि

वेद–वेदांग के विषय में हम कक्षा नवमी में विस्तार से पढ़ चुके हैं। तथापि पुनरभ्यास की दृष्टि से संक्षेप में इस पाठ के प्रथम भाग में पुनः परिचय दिया जा रहा है।

1. ऋग्वेदः–

ऋग्वेद 10 मण्डलों में विभक्त है। प्रत्येक मण्डल में अनेक सूक्त हैं। सम्पूर्ण ऋग्वेद में 1028 सूक्त हैं। कई ऋचाओं के संग्रह को सूक्त कहते हैं, जो किसी विशेष देवता या विषयवस्तु से सम्बद्ध होते हैं। मण्डलों का विभाजन ऋषियों के परिवारों के आधार पर हुआ है। कई मण्डलों में किसी एक ही ऋषि द्वारा या उसके परिवार में पठित ऋचाओं का. ही संग्रह है। कई मन्त्रों की उद्भावना ऋषिकाओं ने भी की है, जैसे– लोपामुद्रा, अपाला, रोमशा आदि। ऋचाओं की कुल संख्या 10580 है। इस वेद के प्रथम तथा दशम मण्डल का आकार अपेक्षाकृत बड़ा है। इनमें अनेक वंशों के ऋषियों की रचनाएँ हैं। इन मण्डलों को विषयवस्तु तथा भाषा के आधार पर बाद की रचना भी माना गया है। इन्हीं मण्डलों में आर्यों के दार्शनिक और लौकिक विचार व्यक्त हुए हैं। अन्य मण्डल प्राचीनतम हैं। नवम मण्डल में सोम से सम्बद्ध मन्त्रों को एकत्र किया गया है। शेष मण्डलों में एक–एक गोत्र या वंश के ऋषियों की रचनाएँ हैं, इसलिए इनको वंश–मण्डल भी कहा जाता है। सप्तम मण्डल की ऋचाएँ सबसे पुरानी मानी जाती हैं।

यद्यपि ऋग्वेद की इक्कीस शाखाएँ थी, किन्तु आज केवल शाकल, आश्वलायन एवं शांखायन शाखा ही मिलती हैं। ऋग्वेद में आर्यों की एक लंबी बौद्धिक परम्परा प्राप्त होती है। इस परम्परा में धार्मिक, सामाजिक और दार्शनिक विषयों का भी निरूपण हुआ है। भारत की प्राचीनतम संस्कृति के विकास के ज्ञान के लिए ऋग्वेद का अनुशीलन अपेक्षित है। धार्मिक दृष्टि से रचित सूक्तों की संख्या इस संहिता में अवश्य ही सर्वाधिक है। ऋग्वेद के सूक्तों में प्रमुख रूप से इन्द्र और अग्नि देवता की प्रार्थना है।

अन्य देवताओं में सविता, रुद्र, मित्र, वरुण, सूर्य, मरुत् आदि के अतिरिक्त उषा देवी भी हैं। यही नहीं, मन्यु (क्रोध) के रूप में अमूर्त देवता की भी प्रार्थना की गई है।

इन देवताओं में नियामक तत्त्व के रूप में ऋग्वेद के ऋषियों ने ईश्वर को जगत् का नियन्ता बताया है, जिसे उन्होंने पुरुष एवं हिरण्यगर्भ भी कहा है। हिरण्यगर्भ सूक्त में कहा गया है कि संसार के आरम्भ में हिरण्यगर्भ ही उत्पन्न हुआ, जो समस्त चराचर का स्वामी था और इसी ने स्वर्ग, पृथ्वी सभी को धारण किया। विशाल पर्वत और गंभीर सागर उस हिरण्यगर्भ रूप परमात्मा (प्रजापति) के अनुशासन में ही अवस्थित हैं।

ऋग्वेद संहिता में लौकिक विषयों पर भी ऋषियों की दृष्टि पड़ी है। इसमें द्यूत–क्रीड़ा के दोष, मण्डूकों की ध्वनि, विवाह की विधि, दान की महिमा इत्यादि विषयों का भी उल्लेख है। इससे प्रतीत होता है कि ऋषियों ने धर्म और दर्शन की विवेचना में तल्लीन होकर लौकिक विषयों की उपेक्षा नहीं की थी। उषा के सूक्तों में वैदिक ऋषियों की ललित भावना भी दृष्टिगत होती है। ये सूक्त परवर्ती गीतिकाव्य के स्रोत समझे जाते हैं।

पुरुष–सूक्त में सृष्टि की प्रक्रिया का प्रतिपादन है, तो नासदीय सूक्त में सृष्टि की रहस्यमयता का भी संकेत है। सृष्टि से पहले न सत् था, न असत्। न ही उस समय मृत्यु थी, न अमरता। उस समय अन्धकार ही सर्वत्र वर्तमान था। इस प्रकार ऋग्वेद में गूढ़ दार्शनिक विचारों को भी महत्त्व दिया गया था। ऋग्वेद में बहुत से संवाद–सूक्त भी हैं, जिन्हें कुछ लोग नाटकों का प्रारम्भिक रूप भी कहते हैं। इन सूक्तों में पुरुरवा–उर्वशी तथा यम–यमी के संवाद सामान्य लोकजीवन के भावों को व्यक्त करते हैं। इन संवादों में प्रेम, हास्य, करुणा एवं वीरता जैसे मानवीय भावों का भी चित्रण हुआ है।

2. यजुर्वेदः– यजुर्वेद के दो रूप हैं–कृष्णयजुर्वेद तथा शुक्लयजुर्वेद। कृष्णयजुर्वेद की सर्वाधिक प्रसिद्ध शाखा तैतिरीय संहिता और शुक्ल यजुर्वेद की प्रसिद्ध शाखा वाजसनेयी संहिता है। कुछ लोग इसे ही मौलिक यजुर्वेद कहते हैं। इसमें केवल मन्त्रों का संग्रह है, जबकि कृष्णयजुर्वेद की संहिता में ब्राह्मण ग्रन्थ के विषय भी मिश्रित हैं। कृष्णयजुर्वेद की अन्य संहिताएँ हैं–मैत्रायणी, काठक, कपिष्ठल इत्यादि। इनका प्रचार दक्षिण भारत में अधिक है। यजुर्वेद अनुष्ठान–विषयक संहिता है। यज्ञ में अध्वर्यु के द्वारा प्रयुक्त मन्त्रों का इसमें संग्रह है। कृष्णयजुर्वेद में इन मन्त्रों के विषय में चर्चाएँ भी हैं, किन्तु शुक्लयजुर्वेद इन चर्चाओं से शून्य है। शुक्लयजुर्वेद में 40 अध्याय हैं, जिनमें विविध यज्ञों से सम्बद्ध मन्त्र संकलित हैं। इन यज्ञों में दर्शपूर्णमास, अग्निहोत्र, चातुर्मास, सोमयाग, वाजपेय, राजसूय, सौत्रामणि, अश्वमेध आदि प्रमुख हैं। इसके सोलहवें अध्याय को रुद्राध्याय कहते हैं, जिसमें रुद्र के विविध रूपों को नमस्कार किया गया है। चौंतीसवें अध्याय में शिवसंकल्प की प्रार्थना है। पैंतीसवें अध्याय में पितरों की प्रार्थना की गई है। अन्तिम अध्याय दार्शनिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें ईश्वर को संसार का नियामक कहा गया है।

3. सामवेदः– वर्तमान में सामवेद की तीन–चार शाखाएँ ही उपलब्ध हैं। इनमें कौथुम शाखा अधिक लोकप्रिय है। सामवेद के मन्त्रों का प्रयोग यज्ञ में देवताओं के आवाहन के लिए उचित स्वर के साथ

उद्गाता द्वारा किया जाता था। इसलिए साम–मन्त्रों का पाठ नहीं, अपितु गान होता है। सामवेद छन्दोबद्ध है तथा 75 मन्त्रों को छोड़कर शेष मन्त्र ऋग्वेद में भी उपलब्ध होते हैं। सामवेद के मन्त्रों के गान में लय तथा स्वर का विशेष विधान है। सामवेद संहिता के दो भाग हैं– पूर्वार्चिक तथा उत्तरार्चिक। पूर्वार्चिक में आग्नेय, ऐन्द्र, पवमान तथा आरण्य–पर्व के रूप में मन्त्रों का विभाजन है। वस्तुतः इन देवताओं से सम्बद्ध मन्त्रों को पृथक् पृथक् रखा गया है। उत्तरार्चिक को दशरात्र, संवत्सर, एकाह आदि विषयों के अनुसार व्यवस्थित किया गया है। सामवेद में ग्रामगेय (स्वर–विशेष) गानों की संख्या सर्वाधिक है। आरण्यगान में संकटपूर्ण और वर्जित रागों को संकलित किया जाता था। इसलिए ये ग्रामों में नहीं गाए जाते थे। इन दोनों से सम्बद्ध क्रमशः ऊहगान और ऊह्यगान हैं, जो यज्ञकार्यों में साम–मन्त्रों को क्रमबद्धता प्रदान करते हैं। इस प्रकार इसमें ये चार महत्त्वपूर्ण गान हैं– ग्राम, आरण्य, ऊह तथा ऊह्य।

सामवेद का महत्त्व संगीत की दृष्टि से बहुत अधिक है। इससे भारतीय संगीत का उद्भव हुआ। सामवेद के रागों का विकास धार्मिक तथा सांस्कृतिक दोनों प्रकार के गीतों से हुआ। सामगान की अनेक विधियों में (जो सामवेद के ब्राह्मण ग्रन्थों में विहित हैं) अब कुछ ही शेष हैं।

4. अथर्ववेदः– अथर्ववेद का विभाजन 20 काण्डों में किया गया है, जिनमें सूक्त और मन्त्र हैं। सूक्तों की संख्या 731 तथा मन्त्रों की 5849 है। इनमें से लगभग 1200 मन्त्र ऋग्वेद संहिता से लिए गए हैं। इस वेद का षष्ठांश गद्य में है। काण्डों के विभाजन में कोई विषय–व्यवस्था नहीं है, किन्तु एक सूक्त में किसी एक ही विषय से सम्बद्ध मन्त्र हैं। आरम्भिक काण्डों का संकलन व्यवस्था विशेष के अन्तर्गत है, क्योंकि प्रथम काण्ड में चार मन्त्रों वाले, द्वितीय काण्ड में पाँच मन्त्रों वाले, तृतीय में छः मन्त्रों वाले, चतुर्थ काण्ड में सात मन्त्रों वाले और पंचम काण्ड में आठ या अधिक मन्त्रों वाले सूक्त रखे गए हैं। छठे काण्ड के 142 सूक्तों में सभी तीन मन्त्र वाले हैं। इसी प्रकार सातवें काण्ड के 118 सूक्तों में एक–दो मन्त्रों वाले सूक्त हैं। पन्द्रहवाँ एवं सोलहवाँ काण्ड गद्य में है। ये भाषा–शैली की दृष्टि से ब्राह्मण–ग्रन्थों के समान लगते हैं। अथर्ववेद में ही सर्वप्रथम लौकिक विषयों को व्यापक महत्त्व दिया गया है। इसलिए इसकी विषयवस्तु में बहुत विविधता मिलती है। अथर्ववेद में कहीं जीविका–प्राप्ति के लिए प्रार्थना है तो कहीं ब्रह्मचर्य की महत्ता बतलाने के साथ–साथ सौमनस्य के लिए भी प्रार्थना की गई है और कहीं सौहार्द, प्रेम और साहचर्य की कामना की गयी है। यथा– "मैं तुम्हारे मन को सौहार्द तथा सौमनस्य से युक्त करता हूँ। सभी लोग परस्पर प्रेम रखें, जैसे गाय अपने बछड़े से रखती है। पुत्र पिता का अनुगामी हो, माता वात्सल्यमयी हो, पत्नी पति से मधुर वाणी का व्यवहार करे। भाई–भाई से द्वेष न करे, बहन बहन से द्वेष–न रखे, सभी अच्छे संकल्प लेकर कल्याण युक्त वाणी बोलें।" अथर्ववेद के बारहवें काण्ड में भूमिसूक्त है, जिसमें पृथ्वी की महत्ता का प्रतिपादन है। इसी में कहा गया है– माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। अर्थात् पृथ्वी मेरी माता है, मैं उसका पुत्र हूँ।

अथर्ववेद में दार्शनिक सूक्त भी आए हैं, जो ब्रह्म, तप और असत् के विषय में विचार करते हैं। ये विचार बाद में उपनिषदों में विकसित हुए। सामान्य वैदिक धर्म की मुख्य धारा से पृथक् विशुद्ध

लोक–प्रचलित विश्वासों का प्रतिपादक होने के कारण अथर्ववेद का वैदिक साहित्य में स्वतन्त्र महत्त्व है।

वेदाङ्गानि

कालक्रम से वैदिक संस्कृत के स्थान पर लौकिक संस्कृत का प्रचलन होने पर, वैदिक मन्त्रों का उच्चारण करना तथा अर्थ समझना कठिन हो गया। यास्क ने कहा है कि वैदिक अर्थों को समझने में कठिनाई का अनुभव करने वाले लोगों ने निरुक्त तथा अन्य वेदाङ्गों की रचना की। वेदों के छः अंग माने गए– शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष तथा छन्द। इन्हें समझने वाला व्यक्ति ही वेदों का सही उच्चारण, अर्थबोध एवं यज्ञ कार्य कर सकता था। इन सभी शास्त्रों के ग्रन्थ लौकिक संस्कृत में लिखे गए, क्योंकि इनके विकास का कारण ही था वैदिक संस्कृत का प्रयोग समाप्त हो जाना। इनका काल 800 ई. पू. से प्रारम्भ होता है।

शिक्षा– यह उच्चारण का विज्ञान है, जो स्वर–व्यञ्जन के उच्चारण का विधान करता है। इसका विस्तार प्रातिशाख्य ग्रन्थों में मिलता है। वेदों की पृथक् पृथक् शाखाओं का उच्चारण बतलाने के कारण इन्हें प्रातिशाख्य कहा जाता है। ऋक्प्रातिशाख्य शौनक–रचित ग्रन्थ है, जो ऋग्वेद के अक्षरों, वर्णों एवं स्वरों की संधियों का विवेचन करता है। इसी प्रकार अन्य वेदों के भी प्रातिशाख्य हैं, जो उन वेदों के उच्चारणों का वैशिष्ट्य बतलाते हैं। ये सभी सूत्र रूप में हैं।

कल्प– यह मुख्यतः वैदिक कर्मकाण्ड का प्रतिपादन करने वाला वेदाङ्ग है। कल्प का अर्थ है विधान। यज्ञ–सम्बन्धी विधान कल्प सूत्रों में दिए गए हैं। कल्प के चार भेद हैं, जिन्हें श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र, धर्मसूत्र तथा शुल्बसूत्र कहते हैं। ये चारों विभिन्न वेदों के लिए पृथक् पृथक् हैं। श्रौतसूत्रों में श्रौतयज्ञों का विधान है, जैसे–दर्शपूर्णमास, अग्निहोत्र, चातुर्मास्य, वाजपेय, अतिरात्र, पितृमेध इत्यादि। इस समय आश्वलायन, शांखायन (ऋग्वेद), कात्यायन (शुक्लयजुर्वेद), जैमिनीय (सामवेद) वैतान (अथर्ववेद) इत्यादि श्रौतसूत्र उपलब्ध हैं। गृह्यसूत्र गृह्याग्नि में होने वाले संस्कारों तथा गृह्ययागों का वर्णन करते हैं, जैसे उपनयन, विवाह आदि। सभी वेदों से सम्बद्ध लगभग 20 गृह्यसूत्र प्राप्त हैं। धर्मसूत्रों में मानव–धर्म, समाज–धर्म, राजधर्म तथा पुरुषार्थों का वर्णन है। इस समय छः धर्मसूत्र मिलते हैं– गौतम, आपस्तम्ब, वसिष्ठ, बौधायन, हिरण्यकेशी और विष्णुधर्मसूत्र। ये धर्मसूत्र ही परवर्ती स्मृतियों के आधार हैं। शुल्ब का अर्थ है मापने का सूत (धागा)। इन सूत्रों में यज्ञवेदिका के निर्माण आदि का वर्णन रेखागणित (ज्यामिति) की सहायता से किया गया है।

व्याकरण– इसे वेदों का मुख कहा गया है। इस शास्त्र में प्रकृति और प्रत्यय के रूप में विभाजन करके पदों की व्युत्पति बतलाई जाती है। व्याकरण की बहुत लम्बी परम्परा इन्द्र आदि वैयाकरणों से चली, किन्तु उस परम्परा के अवशेष यत्र–तत्र उद्धरणों में ही पाए जाते हैं। प्रथम उपलब्ध व्याकरण ग्रन्थ के प्रणेता पाणिनि ही हैं, जिन्होंने अष्टाध्यायी के रूप में वैदिक और लौकिक संस्कृत दोनों भाषाओं का व्याकरण लिखा है। व्याकरण से वेदों की रक्षा होती है तथा वही पदशुद्धि का विचार

करता है। सम्प्रति पाणिनि की अष्टाध्यायी ही व्याकरण का प्रतिनिधि–ग्रन्थ है, जिस पर टीकाओं की समृद्ध परम्परा मिलती है।

निरुक्त– इसका अर्थ है निर्वचन। वैदिक शब्दों का अर्थ व्यवस्थित रूप से समझाना ही निरुक्त का प्रयोजन है। इस समय यास्क रचित निरुक्त ही एक मात्र उपलब्ध निरुक्त है। वैदिक शब्दों का संग्रह निघण्टु (पाँच अध्याय) के रूप में प्राप्त होता है। उसी की व्याख्या यास्क ने निरुक्त के 14 अध्यायों में की है। यास्क का काल 800 ई. पू. माना जाता है। निरुक्त वेदार्थज्ञान की कुंजी है।

ज्योतिष– यह काल का निर्धारण करने वाला वेदाङ्ग है। वैदिक–यज्ञ काल की अपेक्षा रखते हैं और वे किसी निश्चित काल में ही सम्पादित होते हैं, तभी उनका फल मिलता है। इसका निश्चय ज्योतिष करता है। काल का विभाजन, मुहूर्त का निश्चय, ग्रहों–नक्षत्रों की गति का निर्धारण इत्यादि ज्योतिष के ही विषय हैं। लगधाचार्य ने इन कार्यों के लिए वेदाङ्ग ज्योतिष नामक ग्रन्थ लिखा था। इसके दो संस्करण हैं– आर्च ज्योतिष (ऋग्वेद से सम्बद्ध) जिसमें 36 श्लोक हैं तथा याजुष् ज्योतिष (यजुर्वेद से सम्बद्ध), जिसमें 43 श्लोक हैं।

छन्दः – यह पद्यबद्ध वेदमन्त्रों के सही–सही उच्चारण के लिए उपयोगी वेदाङ्ग है। इससे वैदिक मन्त्रों के चरणों का जान होता है। इसका ज्ञान वैदिक मन्त्रों के उच्चारण के लिए आवश्यक है। इससे छन्दः शास्त्र का महत्त्व सिद्ध होता है। वेदों में सात मुख्य छन्द प्रयुक्त हैं– गायत्री (आठ अक्षरों के तीन चरण), अनुष्टुप् (आठ अक्षरों के चार चरण), त्रिष्टुप् (11) अक्षरों के चार चरण) बृहती, जगती, पक्ति, उष्णिक् । छन्दः शास्त्र जानने से वैदिक मन्त्रों के चरणों की व्यवस्था समझी जा सकती है तथा मन्त्र–पाठ के समय उचित विराम हो सकता है।

2) उपनिषद् दर्शनानि च

उपनिषद् भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता के महत्त्वपूर्ण ग्रंथ हैं। वेदों का अंतिम भाग होने के कारण इन्हें वेदांत भी कहा जाता है। 'उपनिषद' शब्द का अर्थ है 'गुरु के पास बैठकर शिक्षा प्राप्त करना', जो शिष्य और गुरु के बीच गहन आध्यात्मिक ज्ञान के आदान–प्रदान को दर्शाता है।

उपनिषद् शब्द उप और नि उपसर्गपूर्वक सद्लृ धातु से बना है । इस धातु के तीन अर्थ हैं–––

(1.) विशरण अर्थात् नाश होना,

(2.) गति अर्थात् प्राप्त करना या जानना ,

(3.) अवसादन अर्थात् शिथिल होना ।

उपनिषदों के अध्ययन से अविद्या का नाश होता है। ब्रह्म–ज्ञान की प्राप्ति होती है और सांसारिक दुःख शिथिल होते हैं। उपनिषदों में ब्रह्मविद्या का प्रतिपादन किया गया है।

उपनिषद् का मुख्य उद्देश्य आत्मा (ब्रह्म) और परमात्मा (ब्रह्म) के बीच के संबंध को समझाना और मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग को दर्शाना है। ये कर्मकांड और धार्मिक अनुष्ठानों की अपेक्षा ज्ञान और आत्म–साक्षात्कार पर अधिक जोर देते हैं।

प्रमुख उपनिषद्

कुल मिलाकर 108 उपनिषद माने जाते हैं, लेकिन इनमें से 10 को सबसे प्रमुख और महत्त्वपूर्ण माना जाता है, जिन पर आदि शंकराचार्य ने भाष्य लिखे। इन्हें दशोपनिषद कहा जाता है–

ईशोपनिषद– यह उपनिषद कर्म और ज्ञान के बीच संतुलन को बताता है।

केनोपनिषद– यह उपनिषद इंद्रियों और मन की शक्तियों के स्रोत पर विचार करता है।

कठोपनिषद– इसमें नचिकेता और यम के संवाद के माध्यम से आत्मा की अमरता और मृत्यु के रहस्य का वर्णन है।

प्रश्न उपनिषद्– इसमें छह शिष्यों द्वारा पिप्पलाद ऋषि से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर हैं।

मुंडक उपनिषद्– इसमें 'सत्यमेव जयते' (सत्य की हमेशा जीत होती है) का प्रसिद्ध कथन है। यह परा विद्या (अध्यात्म ज्ञान) और अपरा विद्या (लौकिक ज्ञान) के बीच अंतर बताता है।

माण्डूक्य उपनिषद्– यह सबसे छोटा उपनिषद है, जो ॐ (ओम्) के महत्त्व और आत्मा की चार अवस्थाओं का वर्णन करता है।

तैत्तिरीय उपनिषद्– इसमें शिक्षा, ब्रह्मविद्या और आनंद के महत्त्व पर चर्चा की गई है।

ऐतरेय उपनिषद्– यह सृष्टि की उत्पत्ति और आत्मा के स्वरूप पर प्रकाश डालता है।

छांदोग्य उपनिषद्– इसमें 'तत् त्वम् असि' (वह तुम हो) का महावाक्य है, जो आत्मा और ब्रह्म की एकात्मकता को दर्शाता है।

बृहदारण्यक उपनिषद् – शुक्लयजुर्वेद से सम्बद्ध शतपथ–ब्राह्मण के 14 वें काण्ड के अन्तिम छः अध्यायों को ही बृहदारण्यकोपनिषद् कहा जाता है । इसमें आरण्यक और उपनिषद् का सम्मिश्रण होने से यह नाम पडा है । इसे ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् तीनों कह सकते हैं । इसमें कुल छः अध्याय हैं । यह आकार में सबसे विशाल उपनिषद् है । यह अध्यात्म–शिक्षा से ओत–प्रोत है ।

उपनिषदों की प्रासंगिकता उनके शाश्वत ज्ञान में निहित है, जो आत्मज्ञान, मोक्ष, और ब्रह्मांडीय सत्य के बोध पर केंद्रित है. वे जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने, आंतरिक शांति प्राप्त करने, और व्यक्ति को अहंकार से परे जाकर आनंद की अनुभूति करने में सहायक हैं. आज के भौतिकवादी समाज में

भी, उपनिषद सार्वभौमिक एकता और समानुभूति का संदेश देते हैं, जो हिंसा व घृणा को कम कर समाज में सद्भाव लाते हैं।

संस्कृत में 'दर्शन' शब्द का मूल अर्थ 'देखना' या 'दृष्टि' है। 'दर्शन' शब्द संस्कृत के दृश धातु से बना है इसलिए 'दर्शन' का अर्थ हुआ 'जिसके द्वारा देखा जाए'। ध्यान रहे, यहां देखने का मतलब आंखों से देखना नहीं है, तार्किक एवम् अन्तर्दृष्टि से देखना है। वह दृष्टि जिससे हम सत्य को देखते हैं या समझते हैं। यह केवल भौतिक दृष्टि नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि है। व्यापक अर्थ में दृश्यते यथार्थतत्त्वमनेन अर्थात् जिसके द्वारा यथार्थ तत्त्व की अनुभूति (अनुभव) हो वही दर्शन है।

वैदिक परंपरा में 6 दर्शन का वर्णन है–

1. सांख्य 2. योग 3. न्याय

4. वैशेषिक

5. मीमांसा

6. वेदांत

सांख्यदर्शन

सांख्य दर्शन भारतीय दर्शन की एक प्राचीन और प्रमुख शाखा है। यह दर्शन द्वैतवादी है। यह मानता है कि सृष्टि का निर्माण दो मूल तत्त्वों से हुआ है। यह प्रकृति और विकृति आदि के रूप में पच्चीस तत्त्वों को मानता है।

पुरुष (चेतन) यह अपरिवर्तनवादी, निष्क्रिय और शुद्ध चेतन है। यह आत्मा या चेतन का प्रतिनिधित्व करता है, जो साक्षी और ज्ञाता है।

प्रकृति (पदार्थ) यह सक्रिय, परिवर्तनशील और त्रिगुणात्मक (सत्त्व, रजस, तमस) है। यह सभी भौतिक और मानसिक जगत् का मूल कारण है, जिसमें शरीर, इंद्रियाँ और मन शामिल हैं।

सांख्य दर्शन के कुछ प्रमुख सिद्धांत इस प्रकार हैं–

सत्कार्यवाद इस सिद्धांत के अनुसार कार्य पहले से ही कारण में सूक्ष्म रूप से विद्यमान होता है। कुछ भी नया उत्पन्न नहीं होता, बल्कि अव्यक्त से संवाद होता है। जैसे, तेल पहले से ही तिल में मौजूद होता है।

त्रिगुणः प्रकृति तीन गुणों सत्त्व (प्रकाश), रजस (क्रिया) और तमस् (जड़ता) से मिलकर बनी है। इन गुणों के संतुलन और असंतुलन से ही सृष्टि का विकास होता है।

मोक्ष–सांख्य दर्शन के अनुसार, मोक्ष या कैवल्य की प्राप्ति तब होती है जब पुरुष (चेतना) अपनी वास्तविक प्रकृति को पहचान लेता है और खुद को प्रकृति (पदार्थ) के बंधनों से अलग कर लेता है। यह ज्ञान के माध्यम से प्राप्त होता है। यह दर्शन ईश्वर को सृष्टि के निर्माता के रूप में स्वीकार नहीं करता है, बल्कि यह मानता है कि प्रकृति अपने अपना ही कार्य करती है। सांख्य का उद्देश्य पुरुष को प्रकृति से अलग करके परमस्वतंत्रता की स्थिति प्राप्त करना है।

योगदर्शनम् – योग दर्शन, भारतीय दर्शन के छह प्रमुख आस्तिक दर्शनों में से एक है। इसका संबंध 'योगसूत्र' से है। यह दर्शन केवल एक शारीरिक अभ्यास है। बल्कि यह मन, आत्मा और शरीर को एक साथ लाने वाला एक व्यापक आध्यात्मिक और सैद्धांतिक मार्ग है। इसका उद्देश्य जीवन के परम सत्य (मोक्ष या कैवल्य) को प्राप्त करना है।

योग का अर्थः 'योग' शब्द संस्कृत के 'युज्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है 'जोड़ना' या 'एक करना'। योग दर्शन में इसका अर्थ व्यक्ति की आत्मा का परमात्मा से मिलन है। यह मन की चंचल वृत्तियों को शांत करने और चित्त को एकाग्र करने की एक प्रक्रिया है।

योग दर्शन का सबसे प्रमुख सिद्धांत 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' है, जिसका अर्थ है 'योग, मन की प्रवृत्तियों (विचारों, भावनाओं) का निरोध है'। जब मन की चंचल अवस्था शांत हो जाती है, तो व्यक्ति अपनी वास्तविक प्रकृति (शुद्ध निजी) को अनुभव कर पाता है।

अष्टांग योगः पतंजलि ने चित्त को शांत करनने और समाधि तक पहुँचने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग 'अष्टांग योग' (आठ अंगों वाला योग) प्रस्तुत किया है। ये आठ अंग हैं–

यमः – अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह यह यम है।

नियमः – व्यक्तिगत निर्देश (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर–प्रणिधान)।

आसनः – शारीरिक मुद्राएं जो शरीर को स्थिर और स्वस्थ बनाती हैं।

प्राणायामः – श्वास और नियमन पर नियंत्रण।

प्रत्याहारः – इन्द्रियों को बाह्य विषयों से हटाकर अंतर्मुखी करना।

धारणाः – मन को किसी एक विषय पर केन्द्रित देना।

ध्यान – मन को लगातार एक ही विषय पर बनाए रखना, एकाग्रता की गहरी अवस्था।

समाधिः – ध्यान की वह परम अवस्था है जिसमें मन और विषय का भेद मिट जाता है, और व्यक्ति अपनी आत्मा के साथ एक हो जाता है।

वैशेषिकदर्शन – वैशेषिक दर्शन की स्थापना महर्षि कणाद ने की थी। यह दर्शन मुख्य रूप से मादक द्रव्य और उनकी श्रेणियों का विश्लेषण पर केंद्रित है। इसका नाम 'विशेष' शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'भेद' या 'विशिष्टता'। यह मानता है कि सभी वस्तुएँ चाहे वे समान दिखें, उनमें कुछ न कुछ मौलिक भिन्नता होती है।

मुख्य सिद्धांत पदार्थ

वैशेषिक दर्शन के अनुसार, ब्रह्मांड की हर वस्तु को सात संप्रदायों या पदार्थों में वर्गीकृत किया जा सकता है–

द्रव्य– ये वे प्रतीकात्मक तत्व हैं जिन पर गुण और कर्म प्रभावी होते हैं। वैशेषिक दर्शन नौ प्रकार के द्रव्यों को मानता है– पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, काल (समय), दिक् (दिशा), आत्मा और मन।

गुण– इन द्रव्यों में पाए जाने वाले गुण हैं, जैसे रूप, रस, गंध, स्पर्श, संख्या, परिमाण आदि।

कर्म– ये द्रव्यों में होने वाली गतियाँ हैं, जैसे उत्क्षेपण (ऊपर उठना), अवक्षेपण (गिरना), अकुंचन (सिकुड़ना), प्रसारण (फ़ैलना), और गमन (चलना)।

सामान्य – यह वह गुण है जो एक ही जाति की अनेक वस्तुओं में पाया जाता है, जैसे 'मनुष्यत्व' जो सभी अवधारणाओं में समान है।

विशेष यह वह गुण है जो दो समान दिखने वाली वस्तुओं को भी अलग करता है। यह परमाणु, आत्मा, काल और दिक् के लिए विशिष्ट है।

समवाय– यह एक प्रकार का अविभाज्य संबंध है जो दो तत्त्वों के बीच होता है, जैसे कपड़े में धागों का संबंध या किसी वस्तु में उसके गुण का संबंध।

अभाव – यह किसी वस्तु के न होने का विवरण है। यह चार प्रकार के होते हैंरू प्राग्भाव (उत्पत्ति से पहले का अभाव), प्रध्वंसाभाव (विनाश के बाद का अभाव), अन्योन्याभाव (आपसी अभाव) और अत्यन्ताभाव (पूर्ण अभाव)।

न्यायदर्शन – न्याय दर्शन की स्थापना महर्षि गौतम ने की थी। इन्होंने न्याय सूत्र नामक ग्रंथ की रचना की। इस दर्शन का मुख्य उद्देश्य तर्क और ज्ञान के माध्यम से सत्य का पता लगाना है।

न्याय दर्शन को तर्कशास्त्र भी कहा जाता है क्योंकि यह किसी भी विषय को समझने और सही निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए तार्किक पद्धतियों पर ज़ोर देता है। यह मानता है कि सही ज्ञान ही मोक्ष (दुःख से मुक्ति) का मार्ग है।

न्याय दर्शन के प्रमुख सिद्धांत

प्रमाण– न्याय दर्शन के अनुसार, सही ज्ञान प्राप्त करने के चार साधन (प्रमाण) हैं।

प्रत्यक्षः इन्द्रियाँ (आँख, कान, नाक, त्वचा, जीभ) द्वारा प्राप्त ज्ञान। जैसे, आग को देखकर गर्मी का अनुभव करना।

अनुमानः किसी एक चीज को देखकर दूसरी चीज का अंदाजा लगाना। जैसे, धुँआ देखकर आग का अनुमान लगाना।

उपमानः किसी भी जानी–पहचानी चीज से तुलना करके ज्ञान प्राप्त करना। जैसे, किसी अनजान जानवर (जैसे नीलगाय) को गाय जैसा बताकर समझना।

शब्दः किसी विश्वसनीय व्यक्ति या ग्रंथ के वचन से प्राप्त ज्ञान। जैसे, वेदों या गुरु की शिक्षा से प्राप्त ज्ञान।

पदार्थः न्याय दर्शन में दुनिया की सभी वस्तुओं को 16 पदार्थों में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें प्रमाण (ज्ञान का साधन), प्रमेय (ज्ञान का विषय), संशय (संदेह), प्रयोजन (उद्देश्य), और वाद (वाद–विवाद) शामिल हैं।

ईश्वरः न्याय दर्शन ईश्वर के अस्तित्व को मानता है और उसे सृष्टि का रचयिता है, पालनकर्ता और संहारक को दर्शाता है। ईश्वर को सभी ज्ञान का स्रोत और सभी कर्मों का फल देने वाला माना जाता है।

मीमांसा– मीमांसा दर्शन के प्रवर्तक महर्षि जैमिनी हैं। उदाहरण के लिए 'मीमांसा सूत्र' नामक ग्रन्थ की रचना। मीमांसा' शब्द का अर्थ 'गंभीर विचार' या 'तार्किक विश्लेषण' है। यह दर्शन वेदों को प्रमाण मानता है। इसका मुख्य विषय धर्म, कर्मकांड, यज्ञ और वैदिक अनुष्ठानों का विवेचन है।

(ख) लौकिकसाहित्यस्य परिचयात्मकज्ञानम्–

1)पुराणानि

पुराण, संस्कृत में रचित हिंदू धर्म के पवित्र धार्मिक ग्रंथ हैं। पुराण शब्द की अनेक व्युत्पत्तियां प्राप्त होती हैं यथा– 'पुरा भवम् पुराणम्' जो प्राचीन समय में हुआ हो, पद्मपुराण के अनुसार 'पुरा परम्परां वक्ति पुराणं तेन तत् स्मृतम्' अर्थात् जो पुरानी परम्पराओं का वर्णन करें वह पुराण कहलाते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है जिनमें प्राचीन आख्यानों एवं घटनाओ का वर्णन हो उसे पुराण कहते हैं । इन ग्रंथों को वेदों के पूरक के रूप में देखा जाता है । इनमें जटिल वैदिक विचारों को कहानियों और दृष्टान्तों के माध्यम से सरल और सर्वजन सुलभ बनाया गया है।

पुराणों के पाँच मुख्य लक्षण हैं सर्ग (सृष्टि), प्रतिसर्ग (प्रलय), वंश (देवताओं और ऋषियों की वंशावली), मन्वन्तर (मनु के काल), और वंशानुचरित (सूर्य और चंद्रवंश का इतिहास)।

सर्ग – सृष्टि या ब्रह्मांड की उत्पत्ति का वर्णन।

प्रतिसर्ग – सृष्टि के पुनर्निर्माण और प्रलय का विवरण।

वंश – देवी–देवताओं और ऋषियों की वंशावलियाँ।

मन्वन्तरम् – विभिन्न युगों और उनमें होने वाली घटनाओं का लेखा–जोखा।

वंशानुचरितम् – सूर्य और चंद्र वंश के राजाओं और उनके इतिहास का वर्णन।

महापुराणों की संख्या अठारह मानी गयी है, जिसका ज्ञान एक प्रसिद्ध श्लोक से चलता है–

"**म**–द्वयं **भ**–द्वयं चैव **ब्र**–त्रयं **व**–चतुष्टयम् ।

अ–ना–प–लिं–ग–कू–स्कानि पुराणानि प्रचक्षते।।"

अर्थात्,

मकरादि दो – मत्स्य पुराण, मार्कण्डेय पुराण

भकारादि दो भविष्य पुराण, भागवत पुराण

ब्र–युक्त तीन ब्रह्माण्ड पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, ब्रह्म पुराण

वकारादि चार – वराह पुराण, वामन पुराण, वायु (शिव) पुराण, विष्णु पुराण। पुराण, पद्म पुराण, लिंग पुराण गरुड़ पुराण, कूर्म पुराण, स्कन्द पुराण अग्नि पुराण, नारद ।

(ख) नीतिशतकम् का परिचय

नीतिशतकम् संस्कृत साहित्य का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और लोकप्रिय ग्रंथ है, जिसकी रचना भर्तृहरि ने की थी। यह उनकी प्रसिद्ध रचना शतकत्रयम् (तीन शतकों का संग्रह) का एक हिस्सा है, जिसमें अन्य दो ग्रंथ हैं– शृंगारशतकम् और वैराग्यशतकम्। शतक का अर्थ है 'सौ' और इन तीनों में लगभग सौ–सौ श्लोक हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं।

नीतिशतकम् में भर्तृहरि ने मानव जीवन के लिए आवश्यक नीतियों, आदर्शों और नैतिक मूल्यों का वर्णन किया है। इस ग्रंथ में कुल 111 श्लोक हैं, जो काव्य शैली में लिखे गए हैं और इनमें उपदेशात्मक तथा मनोरंजक दोनों प्रकार की बातें मिलती हैं। नीतिशतकम् में कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है–

सज्जन और दुर्जन– इसमें अच्छे (सज्जन) और बुरे (दुर्जन) लोगों के स्वभाव और व्यवहार का अंतर बताया गया है।

विद्या का महत्व– यह ग्रंथ ज्ञान और विद्या की महत्ता पर जोर देता है और बताता है कि कैसे विद्या व्यक्ति को सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाती है।

धन की महिमा और दोष– इसमें धन की उपयोगिता और उसके नकारात्मक प्रभावों का वर्णन किया गया है।

दैव और कर्म– भर्तृहरि ने भाग्य (दैव) और कर्म के बीच के संबंध को समझाया है और यह बताया है कि कर्म ही व्यक्ति के जीवन का आधार है।

मानवता के मूल्य– इसमें दया, परोपकार, धैर्य, और ईमानदारी जैसे मानवीय गुणों का महत्त्व बताया गया है।

नीतिशतक की शैली में माधुर्य, पदलालित्य एवं भावप्रवणता है। भाषा भी सरल, सहज और प्रवाहपूर्ण है। इनकी भाषा अत्यन्त स्वाभाविक है, जिसके कारण पद्य को पढकर स्वतः उसका भावार्थ स्पष्ट हो जाता है। छन्दों और अलंकारो का प्रयोग भी सावधानी के साथ किया गया है। छन्दों में शिखरिणी, उपजाति, स्रग्धरा, वसन्ततिलका का प्रयोग बहुलता के साथ है। शार्दूलविक्रीडित इनका सबसे प्रिय छन्द प्रतीत होता है। अलंकारों में उपमा, रूपक, दृष्टान्त, स्वभावोक्ति और अतिशयोक्ति की प्रचुरता है। भाषागत और काव्यगत विशेषता के अतिरिक्त भर्तृहरि की और अन्य मुख्य विशेषता है–पद्य और वाक्यांश के रूप में सुभाषितों, लोकोक्तियों के द्वारा मानव–जीवन के आदर्श को प्रस्तुत करना। इन सुभाषितों एवं लोकोक्तियों के माध्यम से कवि ने समाज तक पहुंचने का प्रयत्न किया है, उसमें वह पूर्णतया सफल हुए हैं और यही लोकोक्तियां कवि को वर्तमान में भी प्रासंगिक बनाये रखती है। इनकी लोकोक्तियां मनुष्य जीवन के सर्वांगीण विकास का संकेत देती हैं। व्यावहारिक तथा सांसारिक पक्ष से प्रारम्भ करके आध्यात्मिकता की ओर ले जाने में प्रेरणा प्रदान करती हैं।

(ग) चाणक्यनीति

चाणक्यनीति, जिसे चाणक्य नीतिशास्त्र भी कहा जाता है, एक प्राचीन भारतीय नीति ग्रंथ है। संस्कृत–साहित्य में नीतिपरक ग्रन्थों की कोटि में चाणक्य नीति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसकी रचना आचार्य चाणक्य ने की थी। आचार्य चाणक्य को कौटिल्य और विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है। आचार्य चाणक्य, चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु, प्रधान अमात्य और मुख्य रणनीतिकार थे। उन्होंने मौर्य साम्राज्य की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

चाणक्यनीति में जीवन को सुखमय एवं सफल बनाने के लिए अनेक उपयोगी सुझाव दिये गये हैं। इसका मुख्य विषय मानव मात्र को जीवन के प्रत्येक पहलू की व्यावहारिक शिक्षा देना है।

चाणक्यनीति की मुख्य बातें–

जीवन के लिए मार्गदर्शन– यह ग्रंथ जीवन को सुखी, सफल और सार्थक बनाने के लिए व्यावहारिक और उपयोगी सुझाव देता है। इसमें जीवन के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि व्यक्तिगत आचरण, सामाजिक संबंध, धन प्रबंधन, और नैतिक मूल्यों पर मार्गदर्शन दिया गया है।

नीति और धर्म– चाणक्यनीति में धर्म, न्याय, शांति, और अच्छी शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया गया है। यह बताता है कि नैतिक व्यवहार और ईमानदारी सफलता और सम्मान के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

नेतृत्व और कूटनीति– इसमें शासक, नेतृत्व और कूटनीति के बारे में भी महत्त्वपूर्ण सिद्धांत दिए गए हैं। चाणक्य ने राजा के कर्तव्यों, राज्य–प्रशासन, युद्ध की रणनीति और साम्राज्य के विस्तार के तरीकों का वर्णन किया है।

ज्ञान और बुद्धिमत्ता– चाणक्यनीति ज्ञान और बुद्धिमत्ता के महत्त्व पर बहुत जोर देती है। यह बताती है कि एक शिक्षित और जानकार व्यक्ति बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होता है।

सरल श्लोक शैली– यह ग्रंथ लघु–लघु श्लोकों में लिखा गया है । इसमें अधिकांश श्लोक अनुष्टुप् छन्द में हैं। इस कारण श्लोकों के अर्थ को समझने में सरलता होती है। ये श्लोक जीवन के गूढ़ सिद्धांतों को सरल और आसानी से समझने योग्य बनाते हैं।

चाणक्य नीति की शिक्षाएँ जितनी पहले उपयोगी थी उतनी ही आज भी प्रासंगिक हैं। वे जीवन की हर स्थिति में सही मार्ग चुनने, ज्ञान प्राप्त करने और जीवन को सफल बनाने के लिए व्यावहारिक सलाह देती हैं

मीमांसा दर्शन का भारतीय संस्कृति और धर्म पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इसने वैदिक कर्मकांडों को एक तार्किक आधार प्रदान किया है। साथ ही, इसने धर्म, कर्तव्य और कर्मफल की अवधारणा को व्यवस्थित रूप से समझााया। आज भी धार्मिक अनुष्ठानों और वैदिक मान्यताओं के लिए मीमांसा दर्शन का अध्ययन बहुत महत्त्वपूर्ण है।

वेदांतदर्शन– वेदांतदर्शन, भारतीय दर्शन की एक महत्वपूर्ण शाखा है। इसे 'शारीरिक मीमांसा' और 'उत्तर मीमांसा' भी कहा जाता है। यह मुख्य रूप से उपनिषदों पर आधारित है। 'वेदांत' शब्द दो शब्दों के मेल से बना है– 'वेद' का अर्थ है ज्ञान और 'अंत' का अर्थ है अंतिम भाग। इस प्रकार, वेदांत का शाब्दिक अर्थ है 'वेदों का अंतिम ज्ञान' या 'वेदों का सार'।

वेदांत दर्शन के कई प्रमुख सिद्धांत हैं, जो जीवन और ब्रह्मांड की गहरी समझ प्रदान करते हैं।

ब्रह्म– वेदांत के अनुसार, ब्रह्म ही एकमात्र परम सत्य है। यह अनंत, शाश्वत और निराकार है। इसे ही सृष्टि का मूल कारण माना जाता है। सभी जीव और वस्तुएँ इसी ब्रहा का हिस्सा हैं।

आत्माः वेदांत में, आत्मा को व्यक्ति के भीतर निवास करने वाला ब्रह्म का अंश माना जाता है। आत्मा अविनाशी और नित्य है। इसका लक्ष्य अज्ञानता के पर्दे को हटाकर ब्रह्मा के साथ अपने वास्तविक संबंध को पहचानना है।

माया: माया को ब्रह्म की शक्ति माना जाता है जो भ्रम पैदा करती है और हमें दुनिया को उसके वास्तविक रूप में देखने से रोकती है। इसी माया के कारण हम स्वयं को शरीर, मन और इन्द्रियों तक सीमित मानते हैं, जबकि हमारा वास्तविक स्वरूप आत्मा है।

मोक्ष: मोक्ष वेदांत का अंतिम लक्ष्य है। यह अवस्था है जब आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानती है और माया के बंधन से मुक्त हो जाती है। यह जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाता है और आत्मा को ब्रह्म के साथ एकाकार देता है।

वेदांत के सिद्धांतों को समझने और व्याख्या करने के तरीके के आधार पर, इसकी कई उपशाखाएं विकसित हुई हैं:

अद्वैत वेदांत– इसके सबसे प्रमुख प्रतिपादक आदि शंकराचार्य थे। 'अद्वैत' का अर्थ है 'द्वैत नहीं' यानी 'एकता'। यह मानता है कि ब्रह्म और आत्मा एक ही हैं और इनमें कोई अंतर नहीं है।

विशिष्टाद्वैत वेदांत– इसके मुख्य प्रतिपादक रामानुजाचार्य थे।

परिशिष्टम्

(क) **संस्कृते कुटुम्बसंबन्धि–शब्दानां ज्ञानम्**

यथा–
मोहनः– मम पितुः नाम श्रीमान् वसुदेवः। भवतः पितुः नाम किम्?
ज्ञद्धा– मम पितुः नाम श्रीमान् मनोजः अस्ति।
(एवं हि निम्नलिखितानां सम्बन्धवाचिशब्दानाम् अभ्यासः करणीयः)

मम मातुः नाम ....।
मम भ्रातुः नाम ....।
मम भगिन्याः नाम ....।
मम पितामहस्य नाम ....।
मम पितामह्याः नाम ....।
मम मातामहस्य नाम ....।
मम अग्रजस्य नाम.......................।
मम अनुजायाः नाम......................।
मम अग्रजायाः नाम........................।
मम अनुजस्य नाम.........................।
मम मित्रस्य नाम.............................।
मम नगरस्य नाम...............................।
मम विद्यालयस्य नाम.....................।

मम संस्कृत–शिक्षकस्य/शिक्षिकायाः नाम............।

............**इत्यादयः।**

(शिक्षकाः छात्रमाध्यमेन अस्य अभ्यासं कारयिष्यन्ति)

2 शब्दरूपाणां वाक्यप्रयोगः

1. पूर्वस्याम् भानुः उदेति।
2. अहम् भानुम् नमामि।
3. भानुना सह रश्मयः सन्ति।
4. भानवे नमः।
5. पृथ्वी भानोः बहु दूरम् अस्ति।
6. भानोः प्रकाशः सर्वत्र प्रसरति।
7. भानौ तेजः अस्ति।
8. हे भानो! अन्धकारं नाशय।

(इसी प्रकार अन्य शब्दों के वाक्यप्रयोगों का अभ्यास)

3 धातुरूपाणां वाक्यप्रयोगः

1. लट् लकार (वर्तमान काल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	बालःस्मरति	बालौ स्मरतः	बालाः स्मरन्ति
मध्यम पुरुष	त्वम् स्मरसि	युवाम् स्मरथः	यूयम् स्मरथ
उत्तम पुरुष	अहम् स्मरामि	आवाम् स्मरावः	वयम् स्मरामः

2. लृट् लकार (भविष्य काल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	बालः स्मरिष्यति	बालौ स्मरिष्यतः	बालाः स्मरिष्यन्ति
मध्यम पुरुष	त्वम् स्मरिष्यसि	युवाम् स्मरिष्यथः	यूयम् स्मरिष्यथ
उत्तम पुरुष	अहम् स्मरिष्यामि	आवाम् स्मरिष्यावः	वयम् स्मरिष्यामः

3. लोट् लकार (आज्ञावाचक)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	बालः स्मरतु	बालौ स्मरताम्	बालाः स्मरन्तु
मध्यम पुरुष	त्वम् स्मर	युवाम् स्मरतम्	यूयम् स्मरत
उत्तम पुरुष	अहम् स्मराणि	आवाम् स्मराव	वयम् स्मराम

4. लङ् लकार (भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	बालः अस्मरत्	बालौ अस्मरताम्	बालाः अस्मरन्
मध्यम पुरुष	त्वम् अस्मरः	युवाम् अस्मरतम्	यूयम् अस्मरत
उत्तम पुरुष	अहम् अस्मरम्	आवाम् अस्मराव	वयम् अस्मराम

5. विधिलिङ् लकार (चाहिए के अर्थ में)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	बालः स्मरेत्	बालौ स्मरेताम्	बालाः स्मरेयुः
मध्यम पुरुष	त्वम् स्मरेः	युवाम् स्मरेतम्	यूयम् स्मरेत
उत्तम पुरुष	अहम् स्मरेयम्	आवाम् स्मरेव	वयम् स्मरेम

(इसी प्रकार अन्य धातुओं के क्रियारूपों के वाक्यप्रयोगों का अभ्यास)